# BK BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

**SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS**
**SENIOR SECONDARY| CO-ED DAY CUM BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL**

**MID-TERM EXAMINATION 2023-24**

**HINDI**

Class : VI　　　　　　　　Duration: 3 Hrs
Date :20.10.2023　　　　　Max. Marks: 80
Admission No.:　　　　　　Roll No.:

**सामान्य निर्देश –**

- सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़िए।
- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं।
- चारों खंडों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- यथा सम्भव प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।

**( खड क वाचन कौशल )**

**प्रश्न– 1. निम्नलिखित अपठित गंद्याश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

i- पर्वत मानव जीवन के लिए बड़े उपयोगी होते हैं। वे सागर से आने वाली हवाओं को रोककर पानी बरसाते हैं। वर्षा होने से घने वन उगते हैं। वनों से घर बनाने वाली लकड़ी और इंधन मिलता है। वृक्षों से गोंद तथा तारपीन का तेल भी प्राप्त होता है। तेल से वार्निश तयार की जाती है। फर्नीचर पर वार्निश कर देने से वह शीघ्र खराब नहीं होती है। पर्वत शिखर हिम से आच्छादित रहते हैं।वही हिम पिघल कर नदियों में बहा करता है। नदियाँ सिंचाई का सर्वोत्तम साधन हैं। जिन देशों की नदियाँ ऐसे पर्वतों अथवा विशाल झीलों से नहीं निकलती हैं ,वे शुष्क रहती हैं। मैदान में जब भीषण लू चलने लगती है,तो लोग पहाड़ों पर जाकर शरण लेते हैं। कश्मीर,दार्जिलिंग और नैनीताल ऐसे ही रमणीय स्थल हैं।

क. हवाओं को कौन रोकते हैं ? 1

i. सागर　　ii . पत्थर　　iii. नदी　　iv. पर्वत

ख. पर्वत मानव जीवन के लि़ए क्या हैं। ? 1

i. बर्बाद　　ii . उपयोगी　　iii. नष्ट　　iv. पहाड.

ग. वनों से क्या बनाने वाली लकड़ी और इंधन मिलता है ? 1

i. मरीज　　ii . डाक्टरों　　iii. घर　　iv. नर्स

घ. गोंद तथा तारपीन का तेल किससे प्राप्त होता है ? 1

i. नहीं　　ii . वृक्ष　　iii. पता नहीं　　iv. शायद

ड. क्या पिघल कर नदियों में बहा करता है ? 1

i. हिम　　ii . कान　　iii. नाक　　iv. हाथ

ii- किसी शहर में एक अमीर आदमी रहता था। उसने समुद्री मार्ग से बहुत धन कमाया था लेकिन अब वह बूढ़ा हो चुका था और चाहता था कि उसका बेटा उसका काम सँभाल ले। लेकिन उसका बेटा आलसी था। मेहनत करने की न उसे आदत थी और न ही उसकी इच्छा । पिता के समझाने का उस पर कोई असर नहीं होता था। एक दिन सुबह सुबह अमीर आदमी ने अपने बेटे को पास बुलाया और कहा, जाकर कुछ कमा लाओ, नही ंतो रात को खाना नहीं मिलेगा।

क. शहर शब्द का पर्यायवाची शब्द होगा – 1

i. गाँव　　ii . नगर　　iii. नाक　　iv. कसबा

ख. आदमी ने समुद्री मार्ग से क्या कमाया? 1

i. धन　　ii . सोना　　iii. नाक　　iv. ज़मीन

ग. आदमी का बेटा कैसा था ? 1

i. आलसी　　ii . चालाक　　iii. पता नहीं　　iv. होशियार

घ. आदमी क्या हो चुका था ? 1

i. जवान ii. चालाक iii. बूढ़ा iv. होशियार

ड. अमीर आदमी ने अपने बेटे को कब बुलाया ? 1

i. सुबह ii. शाम iii. दोपहर iv. रात

## खण्ड ख व्यावहारिक व्याकरण

**प्रश्न– 2. निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थक शब्द चुनकर लिखो –**

(1) **गुरू –** 1

क. अध्यापक ख. दिन ग. सारथी घ. वंश

(2) **अर्थ –** 1

क. भारी ख. कपास ग. फल घ. मतलब

**प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्द के विलोम शब्द छाँटकर लिखो –**

(1) **अंघकार –** **1**

क. प्रकाश ख. विष ग. मस्त घ. गस्त

(2) **उतार –** **1**

क. पराया ख. अंत ग. चढाव घ. दोषी

**प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग शब्द छाँटकर लिखो –**

(1) **भगवान –** **1**

क. भगवती ख. बलवान ग. बेटा घ. महान

**प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दो का पर्यायवाची शब्द छाँटकर लिखिए –**

(1) **जंगल–** **1**

क. वन ख. रन ग. पानी घ. निपुण

(2) **कपडा –** 1

क. कूल ख. दुख ग. वस्त्र घ . अमर

**प्रश्न 6. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ छाँटकर उसका वाक्य लिखिए –**

(1) **आग बबूला होना –** 1

क. खुशी मनाना ख. बहुत गुस्सा होना

ग. बहुत मेहनत करना घ. सहयो

**प्रश्न 7. निम्नलिखित शब्द का विशेषण छाँटकर उतर लिखिए –** **1**

(1) **चार कुर्सिया कमरे में रख दो ।**

क. निश्चित संख्यावाचक ख. अनिश्चित संख्याचाचक

ग. निश्चित परिमाणवाचक घ. अनिश्चित परिमाणवाचक

(2) **माता जी ने नीली साडी पहनी हैं विशेषण छाँट कर लिखिए –** **1**

क. गुणवाचक ख. निश्चित संख्यावाचक

ग. संख्यावाचक घ. परिमाणवाचक

**प्रश्न 8. निम्नलिखित कारक चिह्न छाँटकर लिखिए –**

(1) **मेरी गाडी कई धंटे देरी ———————— चल रही है।** **1**

क. का ख. से ग. की घ. मी

(2) **क्या आप के पास रोशनी ———— इंतजाम है –** **1**

क. से ख. की ग. का घ. री

**प्रश्न 9. दिए गए वाक्य में सही सर्वनाम शब्द चुनकर छाँटकर लिखिए –** **1**

(1) **जैसी करनी वैसी भरनी–**

क. संबंधवाचक सर्चनाम ख प्रश्नवाचक सर्वनाम

ग. निजवाचक सर्वनाम . घ. निश्चयवाचक सर्वनाम

**प्रश्न 10. इनमें से कौन सा रूप मौखिक भाषा का नहीं है छाँटकर लिखिए ?** **1**

क. फोन पर बात करना ख. एस एम एस भेजना

ग. भाषण देना या सुनना　　　　घ. रेडियो सुनना

**प्रश्न 11. निम्नलिखित वर्णविच्छेद में सही शब्द छाँटकर लिखिए –**

(1) **दुकान–** 1

क. द्+ उ+ क्+ अ +न् +अ　　　　ख.. द्+ उ +क् +आ +न्+ अ

ग. द+ ऊ+ क्+ न+ अ +आ　　　　ध. . द्+ उ+ क्+ अ+ न आ

(2) **उदास –** 1

क. उ +द +आ+ स +अ　　　　ख उ +द +अ+ स +अ

ग. उ + आ +द +इ+ उ　　　　ध उ+ स+ स +द + इ

**प्रश्न 12. पदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर छाँटकर लिखिए –**

सपना था बापू का–– एक स्वच्छ भारत का
अब प्यारे बापू का सपना सच्चा हो, भारत देश हमारा सबसे अच्छा हो
पवन स्वच्छ हो गगन स्वच्छ हो
हर धर स्वच्छ हो परिसर स्वच्छ हो
तन मन स्वच्छ हो हर जन स्वच्छ हो।
स्वच्छता के संग जीवन अच्छा हो
अब प्यारे बापू का यह सपना सच्चा हो
भारत देश हमारा सबसे अच्छा हो।।

क. बापू का क्या सपना था ? 1

i. सुबह　　ii. शाम　　iii. दोपहर　　iv. स्वच्छ भारत

ख. भारत देश कैसा हो ? 1

i. सबसे अच्छा　　ii. सबसे कम　　iii. सबसे गंदा　　iv. सबसे बुरा

ग. किस के संग जीवन स्वच्छ हो ? 1

i. सुबह　　ii. शाम　　iii. स्वच्छता　　iv. भारत

घ. परिसर कैसा हौ ? 1

i. सरल　　ii. स्वच्छ　　iii. अस्वच्छता　　iv. काला

ड. स्वच्छता के संग क्या अच्छा हो ? 1

i. जीवन　　ii. कम　　iii. अस्व　　iv. दवाई

**प्रश्न 13. गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर छाँटकर लिखिए –**

अलगू चौधरी और जुम्मन शेख दोनों दोस्त थे। उन दोनों में गहरी दोस्ती थी। वे दोनों किसान थे। उनकी मित्रता के दूर–दूर तक चर्चे थे। जुम्मन शेख की एक बूढी विधवा मौसी थी। उनके तीन चार खेत थे। उनकी कोई संतान न थी। जुम्मन के सिवाय कोई नहीं था। वे बूढी हो गई थीं, और खेतों की देखबाल नहीं कर सकती थीं। इसलिए मौसी ने अपने खेत जुम्मन के नाम लिख दिए। कुछ दिन तक सब कुछ ठीक चलता रहा लेकिन कुछ समय बीत जाने के बाद जुम्मन और उसकी पत्नी के व्यवहार में मौसी के प्रति कडवाहट आने लगी थी ।

क. दोनों मित्रों के क्या नाम थे ? 1

i. अलगू और जुम्मन　　ii. शाम और राम

iii. मोहन और सोहन　　iv. कालू और पिलू

ख. दोनों मित्रों का क्या व्यवसाय था ? 1

i. मजदूर　　ii. चालू　　iii. लड़ाकू　　iv. किसान

ग. किस की कोई संतान नहीं थी ? 1

i. मौसी　　ii. कालू　　iii. जुम्मन　　iv. कवि

ध. मौसी ने अपने खेत किसके नाम लिख दिए ? 1

i. मोहन　　ii. कालू　　iii. जुम्मन　　iv. कवि

ड. कुछ समय के बाद जुम्मन की पत्नी और मौसी का व्यवहार कैसा रहा ? 1

i. मोहन　　ii. कालू　　iii. जुम्मन　　iv. कड़वाहट

## खण्ड ग साहित्य कौशल

**प्रश्न 14. निम्नलिखित प्रश्नों के अति लधु उत्तर लिखिए –** 2×1

क हम अपने तन मन को स्वच्छ कैसे रख सकते है ?

ख जीवन किसके संग अच्छा होगा ?

**प्रश्न 15. निम्नलिखित प्रश्नों के लधु उतर लिखिए –** 2×2

क . प्रदूषण के कितने प्रकार होते हैं ? किसी एक के बारे में लिखिए ?

ख. नदी, सागर, तालाब आदि को साफ–सुथरा रखने से क्या होगा ?

**प्रश्न 16. निम्नलिखित प्रश्नों के दीर्ध उतर लिखिए कोई दो –** **2×3**

क कविता में कवि ने क्या–क्या स्वच्छ होने के बारे में कहा है ?

ख निम्नलिखित संकेत पंक्तियों का सप्रसंग भावार्थ लिखिए –

त्योहार स्वच्छ हो,———————— हर पर्व अच्छा हो।

**प्रश्न 17. निम्नलिखित प्रश्नों के अति लधु उतर लिखिए –** 2×1

क. जूलिया कौन थी ?

ख. तीनों शिष्य जंगल में क्या लेने गए थे ?

**प्रश्न 18. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उतर लिखिए –** **2×2**

क. शस्त्रों से मनुष्य कदापि निडर नहीं बन सकते क्यों ?

ख. गुरू कुल में गुरू जी को कितने शिष्य गुरू दक्षिणा देना चाहते थे ?

**प्रश्न 19. निम्नलिखित प्रश्नों के दीर्घ उतर लिखिए** – **2×3**

**क**. अँधेरी रात में मुझे यह रोशनी एक ईश्वरीय शक्ति जैसी जान पडी। इस वाक्य से लेखक का क्या आशय है ।

**ख.** लेखक ने जूलिया को सबक सिखाने के लिए यही तरीका क्यों चुना ?

## खण्ड घ लेखन कौशल

**प्रश्न 20.** अपने मन पसंद **क्रिकेट बैट** का एक सुंदर विज्ञापन तैयार कीजिए**।** 5


**प्रश्न 21. अपनी परीक्षा की जानकारी देते हुए अपनी माताजी को पत्र लिखिए ।** 5

**प्रश्न 22. किसी एक विषय पर 60 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए –** 5

क. मेरा प्रिय त्योहार

ख. समय का सदुपयोग

**प्रश्न 23. नीचे बने चित्र को देखकर उसका वर्णन 30 से 40 शब्दों में लिखिए –** 5



**——————————— समाप्त ———————————**

**''परिणाम हेतु शुभकामनाएँ''**